an>

MATTERS UNDER RULE 377

HON. CHAIRPERSON: Item no.9 - Matters Under Rule 377.

Shrimati Sharda Anil Patel.

Title: Need to shift FCI godowns in Mahesana Parliamentary Constituency.

श्रीमती शारदा अनिल पटेल (**महेसाणा**): माननीय सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र महेसाणा में मोढेरा सर्किल से देदियासन जाने वाले सड़क पर एफसीआई का मुख्य गोदाम है। गोदाम से हर रोज गांधीनगर, पाटन और महेसाणा जैसे बड़े जिलों को बड़ी मात्रा में अनाज जाता है, जो कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत गरीब लोगों को मुफ्त राशन बांटने के लिए इस्तेमाल होता है। यह गोदाम पुराना है। शहर का तेजी से विकास होने की वजह से यह गोदाम अब शहर के बीच आ गया है। यह इलाका आवासीय और औधोगिक क्षेत्र है। यह शहर की मुख्य सड़क होने की वजह से इस पर बहुत यातायात रहता है और यह गोदाम इसी सड़क पर है। इसलिए हर रोज सुबह से शाम गोदाम से अनाज लेने और अनाज का स्टॉक करने के लिए इस सड़क पर ट्रकों की लम्बी लाइनें लग जाती हैं। रोड पर ट्रकों की वजह से कई बार अनहोनी होने की आशंका के चलते विस्तार के लोगों को हमेशा डर लगा रहता है। सड़क के आस-पास के छोटे व्यापारी और नौकरी करने वालों को यातायात से काफी परेशानियाँ होती है। मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि महेसाणा में स्थित FCI गोदाम का स्थान बदल कर इसे शहर से बाहर ले जाया जाये और उसके लिए आवश्यक कदम उठाएं जाए।

… (व्यवधान)